LATEST

NEWS

# Election

## Date : 29th Dec. 2025

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर जयपुर 29-12-2025

टासरा ने कहा कि कांग्रेस के महान किया।

# अब 8 लाख वोटरों को दस्तावेज दिखाने बाकी

## बीएलओ को अब भी दे सकते हैं डॉक्यूमेंट्स

भास्कर न्यूज | जयपुर

राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में करीब 8.28 लाख से अधिक वोटर्स ऐसे हैं, जो साल 2002 की मतदाता सूची में अपना या अपने माता-पिता नाम की मैपिंग नहीं करवाए पाए हैं। गौरतलब है कि एसआईआर की ड्राफ्ट सूची में 41 लाख 98 हजार से ज्यादा नाम काटे गए है।

विधानसभावार सबसे ज्यादा मैपिंग नहीं करवाने वाले वोटर्स की संख्या जयपुर जिले के बगरू विधानसभा क्षेत्र में है। यहां कुल 3 लाख 82 हजार 506 वोटर्स है, जिनमें से कुल 31 हजार 420 वोटर्स मैपिंग नहीं करवा पाए हैं। ये संख्या बगरू क्षेत्र में मौजूद कुल वोटर्स का 8.21 फीसदी है। यहां कुल 2 लाख 81 हजार 710 वोटर्स हैं। इनमें से केवल 145 वोटर्स ही ऐसे हैं, जो मैपिंग नहीं करवाए पाए हैं। ये कुल वोटर्स की संख्या का 0.05 फीसदी है। जोधपुर की 8 विधानसभा क्षेत्र के 56 हजार 736 लोग ऐसे हैं, जो अपने या अपने परिजन के नाम पुरानी मतदाता सूची से मैच नहीं करवाए पाए। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है, अब उन वोटर्स को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ये 7 फरवरी तक नोटिस का जवाब देते हुए पहचान के सबूत पेश कर सकते हैं। 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए 13 तरह के पहचान दस्तावेज निर्धारित किए हैं।

**कवायद** • 3,234 केंद्रों पर दूसरे दिन भी कार्रवाई

# एसआईआर; बंगाल में वोटर लिस्ट से हटे 32 लाख लोग सुनवाई को उमड़े

भास्कर न्यूज | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत रविवार को दूसरे दिन भी सुनवाई जारी रही। राज्य के 3,234 केंद्रों के सामने लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। पहले चरण में उन 32 लाख लोगों की सुनवाई हो रही है, जिनका नाम 2002 की वोटर लिस्ट में नहीं मिला था। ऐसे लोगों को 'अनमैप्ड वोटर्स' कहा जा रहा है। सुनवाई के पहले चरण में ऐसे लोगों को ही बुलाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 दिसंबर को एसआईआर के बाद जारी ड्राफ्ट लिस्ट में विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक वोटर्स के नाम हटा दिए गए थे। उधर, बाकुड़ा के रानीबंद में काम के दबाव में बीएलओ हराधन मंडल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

## एसआईआर के नाम पर बुजुर्गों व दिव्यांगों पर जुल्मः तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग एसआईआर के नाम पर बुजुर्गों और दिव्यांगों पर अत्याचार कर रहा है। टीएमसी सांसद पार्था भौमिक ने कहा, बुजुर्गों को अपने घरों से दूर निर्वाचन आयोग के शिविरों में घंटों तक कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। आयोग ऐसे लोगों के घरों में जाए।

## बंगाल सीईओ को वाई प्लस सुरक्षा

केंद्र सरकार ने प. बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी है। राज्य में एसआईआर के चलते खतरे की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा दी गई है। सीआईएसएफ के जवान उनकी सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।

पंजाब केसरी
MON,29 DECEMBER 2025
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 6

# सीकर में एसआईआर में बड़ी गफलत 4.48 लाख वोटर्स के नाम गलत

## रि-वेरिफिकेशन और बीएलओ का विंटर वेकेशन में काम जारी

सीकर, 28 दिसंबर (मुकेश पारीक/अमित भारद्वाज): जिले में एसआईआर प्रक्रिया के ड्राफ्ट वोटर्स लिस्ट प्रकाशन के बाद बड़ी चूक सामने आई है। 22.77 लाख से अधिक वोटर्स वाले सीकर जिले में करीब 4,48,765 वोटर्स और उनके पिता के नाम गलत दर्ज हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया में ढाई हजार से अधिक कार्मिक पिछले दो महीनों से काम कर रहे थे। कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस काम में संलग्न थे।

गलती सुधारने के लिए निर्वाचन विभाग ने रि-वेरिफिकेशन की व्यवस्था की है। इसके तहत जिन वोटर्स के नाम या पिता के नाम में गलती है, उन्हें आधार कार्ड, मूल-निवास, 10वीं की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र या पैनकार्ड में से कोई एक दस्तावेज संबंधित बीएलओ को जमा करना होगा। जिन वोटर्स का निवास अन्य राज्य में है, वे वॉट्सऐप के माध्यम से दस्तावेज भेज सकते हैं।

विभाग ने रि-वेरिफिकेशन जल्द पूरा करने के लिए बीएलओ के शीतकालीन अवकाश रद्द कर दिए हैं। डिजिटाइजेशन के दौरान जिले के 1,43,850 वोटर्स के नाम पहले ही कट चुके हैं। नए नाम जोड़ने को लेकर स्पष्ट आदेश अभी जारी नहीं हुए हैं।

कुछ उदाहरणों में धोद के बूथ 192 के रमेश के पिता का नाम रामलाल है, एसआईआर में रामू कर दिया गया। वहीं मो. आदिल कुरैशी, अनिल और अंकित कुमार शर्मा के नाम और पिता के नाम में भी त्रुटियां हुई हैं। यह स्थिति वोटर्स को दोबारा वेरिफिकेशन के लिए बाध्य करेगी। फाइनल वोटर्स लिस्ट 14 फरवरी को प्रकाशित होगी।

# एसआईआर कार्य में भाजपाई निभा रहे महत्त्वपूर्ण भूमिका

## रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की कार्यशाला का आयोजन

**सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर / रायसिंहनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने रायसिंहनगर विधानसभा स्तरीय मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यशाला व अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम के तहत श्रीविजयनगर में विधानसभा स्तर पर बैठक का आयोजन किया। भाजपा अध्यक्ष मनोज रुखाया ने बताया इस बैठक में पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा, जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, जिला महामंत्री सुरेंद्र गोदारा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष हरि सिंह कामरा, अटल स्मृति वर्ष के संयोजक



राम प्रकाश गोदारा, बीएलए 1 राधेश्याम भाकर ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में रायसिंहनगर विधानसभा में कुल 2929 वोटर ऐसे मिले हैं, जिनका 2023-24 की वोटर लिस्ट में नाम है, लेकिन 2002 की वोटर लिस्ट में उनके किसी भी रिश्तेदार या उनका नाम नहीं पाया गया। वक्ताओं ने बीएलए 2 को ऐसे वोटर जिनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ने से रह गया, उनको जुड़वाने के लिए कहा और जो भी लोग काफी समय से यहां नहीं रह रहे हैं या उनका कोई पता नहीं है तो उनके वोटो को कटवाने का भी काम करें। इस अवसर पर जिला मंत्री कंचन नायक, जिला प्रवक्ता सतीश बवेजा, रायसिंहनगर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मनीष कौशल, सज्जनता मंडल अध्यक्ष मांगीलाल बिश्नोई, समेजा मंडल अध्यक्ष उमेश भाम्भू, बांडा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, मंडल महामंत्री रवि शंकर गजरा, सोनू सिंगिंकाट, मंडल उपाध्यक्ष सतीश यादव, रतन सारस्वत, मंडल मंत्री स्वामीनाथ पासवान, आशु चुघ, कोषाध्यक्ष कृष्ण घिंटाला सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विशेष योग्यजन एवं वंचित वर्गों के लिए आज लगेंगे विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** बालोतरा जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे, इस हेतु समावेशी लोकतंत्र की दिशा में कदम बढ़ाते हुए समाज के वंचित वर्गों, विशेष योग्यजनों और ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु 29 दिसंबर, सोमवार को जिले के विभिन्न राजकीय छात्रावासों में क्लस्टर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चलने वाले दावों और आपत्तियों के चरण के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। 29 दिसंबर, सोमवार को विशेष योग्यजन (ढइऊ) मतदाता पंजीकरण शिविर एवं 06 जनवरी 2026 को ट्रांसजेंडर एवं विमुक्त, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता अपने नजदीकी राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सहायता के लिए संबंधित छात्रावास अधीक्षक से भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, बालोतरा, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, सिवाना, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, मोकलसर, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, सिणधरी, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, बायतु, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, कल्याणपुर, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, पादरू, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, पाटोदी, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, समदड़ी, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, पचपदरा, सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास, बालोतरा में मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पात्र युवा और विशेष योग्यजन इन शिविरों का लाभ उठाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं।

# शिविर आज से

**बालोतरा @ पत्रिका.** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को विशेष योग्यजन मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से समाज के वंचित वर्गों, विशेष योग्यजनों और ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चलने वाले दावों और आपत्तियों के चरण के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ट्रांसजेंडर एवं विमुक्त, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए विशेष कैंप 6 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पात्र मतदाता अपने नजदीकी राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। शिविर बालोतरा, सिवाना, मोकलसर, सिणधरी, बायतु, कल्याणपुर, पादरू, पाटोदी, समदड़ी, पचपदरा और सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास, बालोतरा में आयोजित किए जा रहे हैं।

# विशेष योग्यजन मतदाता पंजीकरण शिविर आज

**बालोतरा/ नवज्योति।** बालोतरा जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे, इस हेतु समावेशी लोकतंत्र की दिशा में कदम बढ़ाते हुए समाज के वंचित वर्गों, विशेष योग्यजनों और ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु 29 दिसंबर, सोमवार को जिले के विभिन्न राजकीय छात्रावासों में क्लस्टर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक चलने वाले दावों और आपत्तियों के चरण के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। 29 दिसंबर, सोमवार को विशेष योग्यजन मतदाता पंजीकरण शिविर एवं 06 जनवरी 2026 को ट्रांसजेंडर एवं विमुक्त, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।